हरिभूमि | रोहतक, मंगलवार, 1 मार्च 2011

सोनीपत भूमि

झज्जर रोहतक दिल्ली

2800 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

जांचा स्वास्थ्य

लोगों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां उपलब्ध करवाई

गोहाना।-गांव रिढ़ाणा स्थित राजकीय कन्या स्कूल में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

गोहाना। चौपाल संस्था बैंय्यापुर द्वारा गांव रिंढ़ाणा के राजकीय कन्या स्कूल में एक निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। संस्था चौपाल के चेयरपर्सन प्रसिद्ध समाजसेवी डा.राजेंद्र सिंह टोंक के नेतृत्व व गांव के सरपंच महासिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में 58 डाक्टरों की टीम ने क्षेत्र के दर्जनों गावों के 2800 मरीजों के स्वास्थ्य की मशीनों से भरपुर जांच की गई। शिविर में निदेशक प्रभात सिंह ने मुख्य व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व वार्ड 1 के पार्षद इंदुराज नरवाल उर्फ भालू ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर मरीजों का हालचाल पूछा। शिविर में इसीजी व अल्ट्रासाउंड मशीनों से गहनता के साथ असाध्य रोगों की गहनता के साथ जांच की गई व दवाइयां, चश्में व कम सुनाई देने वाले रोगियों को हियरिंग मशीनें भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। शिविर में चर्म रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, मनोरोग, हड्डी व जोड़ रोग, इएनटी, नेत्र रोग, अस्थमा व दिल की बिमारियों के विशेषज्ञों द्वारा बिमारियों की जांच की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सक डा. टोंक ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करवाई गई व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिकवादी युग में भी समाज में कन्या भ्रुण हत्या करवा रहे हैं। शिविर में डा.राजेंद्र टोंक, डा.मोनिका पुरी, डा.अखिल, डा.ऋषि आनंद, डा.हेमंत, डा.तरुण, डा. अजीत के अलावा अशोक सरोहा, धर्मेंद्र व विजेंद्र ने विशेष सहयोग दिया।